## एक नजर में

### नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



**इंदौर** . युवा चेतना के प्रतीक स्वामी विवेकानंद के स्मृति दिवस पर विधायक माननीय रमेश मेंदोला के सहयोग से माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर में विद्यार्थियों,प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं ओरल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया . मुख्य अतिथि रमेश मेंदोला ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रथम सुख निरोगी काया की भावना को साकार करने वाला यह शिविर स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है . स्वस्थ युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी नींव हैं . कार्यक्रम की प्रभारी डॉ . साधना सचदेवा ने बताया कि यह शिविर यूथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया . विशिष्ट अतिथि डॉ . किरण बाला सलूजा,अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,इंदौर संभाग ने कहा कि स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र का संदेश जन-जन तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है . महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ . संजय सोहनी एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ . स्मिता चैतन्य ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं . जनप्रतिनिधि चंदू शिंदे ने कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देते हैं . शिविर में एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल की ओर से हितेश ओझा, डॉ . रेखा निकम एवं उनकी टीम तथा अग्रवाल आई हॉस्पिटल की ओर से दीपक दुधवा, सरला बिलोनिया एवं उनकी टीम ने सेवाएँ प्रदान कीं . कार्यक्रम के संयोजक डॉ . साधना सचदेवा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ . बाऊ पटेल रहे . संचालन डॉ . प्रियंका ढलवानी ने किया .

### शहर की राधिका वॉव अवार्ड से सम्मानित

**इंदौर** . इवेंट इंडस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान के लिए राधिका पवार को वॉव अवार्ड एशिया 2026 में प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया . वॉव अवार्ड एशिया को एक्सपीरिएंशियल, इवेंट्स, एमआईसीई, लाइव एंटरटेनमेंट और वेडिंग इंडस्ट्री का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान मंच माना जाता है . वर्ष 2009 में शुरू हुए इस पुरस्कार ने पिछले 17 वर्षों से इवेंट इंडस्ट्री में उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व को सम्मानित करने की परंपरा कायम रखी है। इसके 17वें संस्करण में भी उन उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया, जो लाइव एक्सपीरिएंस इंडस्ट्री के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं . यह सम्मान मुंबई स्थित नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में आयोजित इवेंट मैनेजमेंट उद्योग के दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया . इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध सेलिब्रिटी सेफ संजीव कपूर थे . इस अवसर पर देशभर के ख्याति प्राप्त इवेंट मैनेजर्स, उद्योग विशेषज्ञ, कॉर्पोरेट प्रतिनिधि और लाइव इवेंट्स क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रमुख लोग उपस्थित रहे . राधिका पवार को यह सम्मान इवेंट एवं वेडिंग इंडस्ट्री में उनके उद्यमशील नेतृत्व, नवाचार, दृढ़ संकल्प और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया .




### इंदौर जिला माहेश्वरी सभा में ईश्वर बाहेती बने अध्यक्ष



**इंदौर** . इंदौर जिला माहेश्वरी सभा के वर्ष 2026-29 के त्रिवार्षिक सत्र हेतु निर्वाचन संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी गई है . निर्वाचन परिणामों के अनुसार, समाज के वरिष्ठ सदस्य ईश्वर बाहेती को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है . नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में रजत बेड़िया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केदार हेड़ा एवं अजय सारड़ा उपाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए . सभा के प्रशासनिक संचालन हेतु संजय मानधन्या को सचिव तथा वित्तीय उत्तरदायित्व के लिए राधेश्याम काबरा को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया . इसके अतिरिक्त, संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए निलेश सारड़ा को संगठन मंत्री और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी चेतन बियानी को प्रचार मंत्री के रूप में सौंपी गई . संयुक्त मंत्री के रूप में रजत लड्डा एवं हर्ष राठी का चयन किया गया . नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान और संगठनात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

### नवलखा कांटाफोड़ मंदिर के भक्तों की अमरनाथ यात्रा आज से

**इंदौर** . नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के भक्तों के सहयोग से करीब 16 मीट्रिक टन खाद्य सामग्री से भरा ट्रक प्रस्थित होने के बाद अब मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं का पहला जत्था सोमवार 6 जुलाई को अपराह्न 4 बजे इंदौर दिल्ली एक्सप्रेस से विधायक गोलू शुक्ला के आतिथ्य में अमरनाथ यात्रा के लिए प्रस्थित होगा . इस जत्थे में कुल 89 सदस्य जा रहे हैं . मन्दिर से रेलवे स्टेशन तक सभी भक्त एक पैदल यात्रा के रूप में ढोल ढमाकों सहित पहुंचेंगे, जहाँ उन्हें भावपूर्ण बिदाई दी जाएगी। जत्थे में शामिल श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा मार्ग पर मंदिर ट्रस्ट एवं खन्ना (पंजाब) के श्री अमरनाथ बर्फानी सेवा दल के सहयोग से बालटाल एवं पंचतरणी में दो स्थानों पर 3 जुलाई से शुरू हुई लंगर सेवा में भी बारी-बारी से भागीदार बनेंगे . मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, सुभाष बजरंग एवं संयोजक बीके गोयल ने बताया कि अमरनाथ यात्रा मार्ग पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा इंदौर के भक्तों के सहयोग से संग्रहित 16 मीट्रिक टन राशन सामग्री से भरा ट्रक पहले ही रवाना किया जा चुका है और यात्रा शुभारंभ के दिन गत 3 जुलाई से ही बालटाल और पंचतरणी में लंगर सेवा शुरू कर दी गई है जहाँ इंदौर के पोहे-जलेबी, कचोरी-समोसे, दाल-बाटी एवं अन्य व्यंजन देश-विदेश से आने वाले भक्तों को खूब पसंद आ रहे हैं . बालटाल में मेन रोड पर लोहे के पूल के पास लंगर नंबर 3 एवं पंचतरणी में एंट्री गेट के पास लंगर नंबर 2 पर यह लंगर सेवा प्रतिदिन हजारों भक्तों को खूब पसंद आ रही है . यह यात्रा 16 जुलाई को वापस इंदौर लौटेगी और इसके बाद भक्तों का दूसरा जत्था अमरनाथ पहुंचकर लंगर सेवा में भागीदार बनेगा .

# पेपर लीक व बेरोजगारी के खिलाफ छात्रों का कैंडल मार्च

**शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की मांग**

**दिवंगत विद्यार्थियों को दी श्रद्धांजलि, मेहनत नहीं, सिस्टम पर सवाल**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में आज शाम पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और बढ़ती बेरोज़गारी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए छात्र छात्राओं ने कैंडल मार्च निकाला. शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की.

देश में लगातार पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता और बेरोजगारी को लेकर आज शहर के छात्र-छात्राओं ने भोला राम उस्ताद मार्ग से टंट्या मामा प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला. शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की.






मार्च के बाद भंवरकुआं चौराहे पर विद्यार्थियों ने मौन रखकर उन छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के तनाव और भविष्य की अनिश्चितता के बीच अपनी जान गंवाई. कैंडल मार्च में शामिल छात्रों का कहना था कि लगातार हो रहे पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में सामने आ रही गड़बड़ियों ने लाखों युवाओं को गहरा आघात पहुंचाया है. वर्षों की कठिन मेहनत, आर्थिक संसाधन और समय खर्च करने के बावजूद यदि परीक्षा की निष्पक्षता ही संदेह के घेरे में आ जाए, तो युवाओं का मनोबल टूटना स्वाभाविक है. कैंडल मार्च के दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश का युवा अब केवल रोजगार ही नहीं, बल्कि निष्पक्ष अवसर और पारदर्शी व्यवस्था की मांग कर रहा है. युवाओं का आक्रोश किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं, भर्ती विवादों और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण बढ़ता जा रहा है.

> कैंडल मार्च मे विधायक विक्रांत भूरिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, युवा कांग्रेस प्रभारी शिवि चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया, जिला समन्वयक एवं युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव पुनीत सिंह पारिया, प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया, प्रदेश एनएसयूआई संगठन प्रभारी रवि दांगी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल, पोर लाल खरते, पार्षद कुणाल सोलंकी, चेतन चौधरी, मोनिका मंडारे, एनएसयूआई अध्यक्ष रजत पटेल,अंकित दुबे,दानिश खान, शुभम दरबार, हितेश वर्मा, दिनेश कुशवाह सहित बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं उपस्थित थे .

### तीन महीने बाद दर्ज हुआ सीवर हादसे का केस

**इंदौर** . चौइथराम मंडी के सामने सीवर चैंबर में जहरीली गैस की चपेट में आकर दो नगर निगम आउटसोर्स कर्मचारियों की मौत के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने करीब तीन महीने बाद प्रकरण दर्ज किया है . हादसे में करण यादव उम्र 26 साल और उसके 35 वर्षीय मित्र अजय डोडिये की जान चली गई थी . 2 मार्च को दोनों कर्मचारी डी वॉटरिंग वाहन के साथ चौइथराम मंडी क्षेत्र में सीवरेज संबंधी कार्य कर रहे थे, इस दौरान सिवरेज चैंबर में पाइप गिर गया . उसे निकालने के लिए करण यादव चैंबर में उतरा, जहां जहरीली गैस की चपेट में आने से वह बेहोश हो गया था . साथी को बचाने के लिए अजय डोडिये भी चैंबर में उतरा, लेकिन वह भी गैस की चपेट में आ गया, दोनों की मौके पर ही मौत हो गई . मर्ग जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

## सेफ क्लिक 2 .0 मैराथन में 6 हजार से ज्यादा लोगों ने लिया हिस्सा

**साइबर ठगी के खिलाफ दौड़ा इंदौर...**

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में लगातार बढ़ रहे साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी के मामलों के बीच इंदौर पुलिस ने शनिवार को सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर जागरूकता मैराथन आयोजित कर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दिया. नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई छह किलोमीटर की इस मैराथन में 6,080 से अधिक लोगों ने भाग लेकर साइबर अपराधों के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश दिया.

सुबह छह बजे पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों और अतिथियों की मौजूदगी में मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मैराथन नेहरू स्टेडियम से जीपीओ, नवलखा और भंवरकुआं चौराहा होते हुए वापस स्टेडियम पहुंची. बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों के साथ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उत्साह के साथ दौड़ में भाग लिया. मैराथन शुरू होने से पहले पुलिस कमिश्नर ने सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई. उन्होंने स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार और समाज को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करने का संकल्प लिया.



> **फिटनेस और साइबर सुरक्षा का दिया संदेश**
>
> कार्यक्रम की शुरुआत जुंबा सत्र से हुई, जिसमें हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर फिटनेस और साइबर सुरक्षा का संदेश दिया . अभियान में पुलिस अधिकारियों के अलावा शहर के उद्योगपतियों, चिकित्सकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भागीदारी की . मैराथन के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया . कार्यक्रम के अंत में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है . सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के माध्यम से लोगों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने, साइबर ठगी से बचने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं .

## बीच चौराहे धधक उठी बाइक, चालक ने कूदकर बचाई जान

**इंदौर.** बड़ा गणपति चौराहे पर एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई. बाइक से धुआं उठता देख चालक ने तुरंत वाहन सड़क किनारे रोक दिया और सुरक्षित उतर गया. देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि चालक ने आसपास की दुकानों से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई. आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. घटना के दौरान चौराहे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. राहगीरों ने जलती हुई बाइक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो देर रात तक वायरल होता रहा. मामले में पुलिस जांच कर रही है.



## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**इंदौर. इंस्टाग्राम पर दोस्ती होने के बाद एक युवती को शादी का झांसा देकर होटल में बुलाकर युवक ने दुष्कर्म किया. आरोपी ने कई बार उससे अलग-अलग बहाने बनाकर रुपए भी लिए. पुलिस ने बड़वानी में रहने वाले आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.**

पीड़िता की आरोपी अजय सोलंकी से इंस्टाग्राम के जरिए पहचान हुई थी. बातचीत के दौरान आरोपी ने कई बार उससे रुपए भी लिए. आरोप है कि 29 अप्रैल को उसने युवती को रिंग रोड स्थित होटल अनमोल बुलाया और शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए. बाद में पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.



## एक थैला-एक स्टील बोतल अभियान से स्वच्छ सिंहस्थ का संदेश

**इंदौर.** उज्जैन सिंहस्थ 2028 को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से सृष्टि सेवा संकल्प संगठन ने एक बड़ी पहल की है. इंदौर स्थित संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेशभर से पहुंचे पदाधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की. बैठक का मुख्य केंद्र रहा 'एक थैला-एक स्टील बोतल' अभियान, जिसके माध्यम से सिंहस्थ में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा.

इंदौर स्थित सृष्टि सेवा संकल्प के राष्ट्रीय कार्यालय में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने संगठन के विस्तार, सामाजिक अभियानों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की. इस दौरान सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं. बैठक का सबसे अहम विषय रहा उज्जैन सिंहस्थ 2028. संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य सिंहस्थ महापर्व को प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है.



> **जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प**
>
> इस अभियान के तहत सिंहस्थ की पावन माटी के सम्मान के साथ पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को जनआंदोलन का रूप देने की योजना है . बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रितेश तिवारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रशांत गुप्ता, प्रदेश पदाधिकारी स्वप्निल व्यास, ललित राजावत, सुनील राजपूत, बृजेश भदौरिया, धर्मेंद्र दुबे, डॉ . अर्जुन भदौरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे . सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया .


इसी उद्देश्य से संगठन 'एक थैला-एक स्टील बोतल' अभियान शुरू करेगा. अभियान के तहत श्रद्धालुओं से अपील की जाएगी कि वे प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करने के बजाय अपने साथ स्टील की बोतल लेकर आएं और कपड़े के थैले का इस्तेमाल करें. संगठन का मानना है कि प्लास्टिक की बोतलें और पॉलीथिन पर्यावरण को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती हैं, जबकि स्टील की बोतल और कपड़े का थैला पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी विकल्प हैं. संगठन ने बताया कि सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को कपड़े के थैले और स्टील की बोतल उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई जा रही है, ताकि प्लास्टिक कचरे को कम किया जा सके और स्वच्छता का संदेश देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जा सके.

## प्रतिभागियों ने मंच पर दी शानदार प्रस्तुतियां

### प्रेस क्लब इंदौर में आयोजित हुआ केकेसी टैलेंट शो सीजन-1

**इंदौर। प्रेस क्लब इंदौर में रविवार को केकेसी टैलेंट शो सीजन-1 का आयोजन किया गया, जिसमें 38 प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का आयोजन दीपक पाठक एवं रेखा रावल द्वारा किया गया.**

आयोजक दीपक पाठक ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर को महान पार्श्व गायक किशोर कुमार की जयंती के साथ केकेसी टैलेंट शो अपने 11 वर्ष पूरे करेगा. इस अवसर पर 12 और 13 अक्टूबर को विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के विजेताओं को आगामी समारोह में 51,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी. साथ ही कई समाजसेवियों एवं संगीत प्रेमियों ने केकेसी टैलेंट शो के लिए आर्थिक सहयोग (दान) भी दिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय जैन रहे. इस अवसर पर जानकारी दी गई कि केकेसी टैलेंट शो अब तक 12 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा चुका है. कार्यक्रम में सभी 38 प्रतिभागियों ने एक-एक कर मंच पर अपनी गायन प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं. आयोजन का समापन प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन एवं आगामी आयोजनों की घोषणा के साथ हुआ.



## बच्चों ने रैली से दिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश

**इंदौर. पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर इंदौर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. यह रैली प्रेसीडेंसी हा. से. स्कूल, इंदौर और हेडक्वार्टर स्काउट एवं गाइड ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई.**

रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और उन्हें दैनिक जीवन में इसका उपयोग बंद करने के लिए प्रेरित करना था. रैली में शामिल बच्चों ने केवल नारे ही नहीं लगाए, बल्कि हनुमान मंदिर चौराहा, केलोद काकड़, एमआर 12 क्षेत्र सेटेलाइट जंक्शन में सक्रिय रूप से ग्राउंड पर काम किया. बच्चों ने स्थानीय दुकानों, घरों और चौराहों पर जाकर नागरिकों और दुकानदारों से मुलाकात की. उन्होंने बेहद भावपूर्ण तरीके से लोगों से विनती की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद कर दें और कपड़े या जूट के थैलों को अपनाएं. स्कूल प्रबंधन राधेश्याम जामले और हेडक्वार्टर स्काउट गाइड ग्रुप के संयुक्त प्रयास की स्थानीय निवासियों ने काफी सराहना की. लोगों का कहना था कि जब बच्चे खुद आगे आकर पर्यावरण को बचाने की गुहार लगाते हैं, तो इसका समाज पर गहरा और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. रैली के दौरान बच्चों ने दुकानदारों को जागरूक किया कि वे ग्राहकों को प्लास्टिक की थैलियों में सामान न दें।




## प्रदूषित हवा से सांस लेने की क्षमता हो रही प्रभावित

### देश-विदेश के विशेषज्ञों ने साझा किए शोध और अनुभव

**इंदौर.** शहर में आयोजित चौथी ब्रोंकोपल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस 2026 का समापन रविवार को हुआ. दो दिनों तक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में देश-विदेश के विशेषज्ञों की चर्चाओं का सबसे प्रमुख निष्कर्ष यही रहा कि यदि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में सांस संबंधी बीमारियां भारत के लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन सकती हैं. आधुनिक चिकित्सा तकनीकें मरीजों को नई जिंदगी देने में सक्षम हो रही हैं, लेकिन यदि प्रदूषण की रफ्तार नहीं थमी तो इलाज से अधिक जरूरत बचाव की होगी.

कांफ्रेंस में 750 से अधिक प्रतिनिधियों ने पंजीयन कराया था. इनमें पल्मोनोलॉजिस्ट, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, थोरासिक सर्जन, मेडिकल रिसर्चर और देशभर से आए युवा चिकित्सक शामिल रहे. कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. डॉ. रवि डोसी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसी कई फेफड़ों की बीमारियों के इलाज में उल्लेखनीय सफलता मिली है, जिन्हें पहले लगभग लाइलाज माना जाता था. नई इंटरवेंशनल तकनीकों, अत्याधुनिक जांच पद्धतियों और बेहतर दवा प्रोटोकॉल ने मरीजों की जिंदगी की गुणवत्ता में बड़ा सुधार किया है. डॉ. डोसी ने बताया कि प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण धीरे-धीरे फेफड़ों में जमा होकर उनकी प्राकृतिक लचक को कम कर देते हैं. इससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होती है और लंबे समय में अस्थमा, सीओपीडी, पल्मोनरी फाइब्रोसिस तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. अब कम उम्र के बच्चे भी प्रदूषण के कारण श्वसन रोगों की चपेट में आ रहे हैं. यदि आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य देना है तो प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक अभियान बनना चाहिए."।




> **विभिन्न शोधों पर हुई चर्चा**
>
> वैज्ञानिक सत्रों में बच्चों में सांस की नलियों के सिकुड़ने की समस्या, अस्थमा, टीबी के दवा-प्रतिरोधी जीवाणु, पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन और क्रिटिकल केयर के नवीनतम शोधों पर भी विस्तार से चर्चा हुई .विशेषज्ञों ने कहा कि यदि शुरुआती लक्षणों की समय पर पहचान हो जाए तो अधिकांश श्वसन रोगों का सफल उपचार संभव है और मरीज गंभीर स्थिति तक पहुंचने से बच सकता है .

**एक नजर में** | **भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न**

## राष्ट्र की एकता के लिए डॉ . मुखर्जी ने अपना बलिदान दिया : उइके

**इंदौर.** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष पर आयोजित संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत आज मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम, संगीत कला अकादमी में भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ. कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा उपस्थिति थे.

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री संपतिया उइके ने कहा श्यामा प्रसाद जी की जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। श्यामा प्रसाद जी ने कभी सिद्धांतों और विचारों से समझौता नहीं किया, देश की एकता अखंडता के लिए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है. जिन सिद्धांतों को लेकर डॉ मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी, जनता पार्टी भी उनके सिद्धांतों को लेकर आगे बढ़ी लेकिन जनता पार्टी की टूट के बाद भाजपा का गठन हुआ. भाजपा ने डॉ मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलना तय किया और आज भी भाजपा उनकी के सिद्धांतों को लेकर राष्ट्र की सेवा कर रही है. पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन पर कहा कि डॉक्टर मुखर्जी ने हमेशा राष्ट्रहित और विचारधारा के लिए लड़ाई लड़ी. उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझोता नहीं किया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि भारत को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के लिए हर हाथ को काम और हर काम के लिए व्यक्ति का सपना डॉ मुखर्जी ने देखा था. आत्मनिर्भर भारत की कल्पना डॉ मुखर्जी ने की थी. उनके संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चरितार्थ कर रहे हैं.




> **पीएम ने किया सपने पूरा करने का काम**
>
> नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा डॉक्टर मुखर्जी के सपनों को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है . इस अवसर पर अश्विनी शुक्ल, अमरदीप मौर्य, हरिनारायण यादव, अंजू माखीजा, भारत पारख, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, सचिन बंसल, वरुण पाल, रितेश शर्मा, नितिन शर्मा . बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे .